Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

APEM LIVE NEWS सच का साथी

दैनिक संध्या डिजीटल अखबार | सच का साथी | दिनांक 19-08-2022 | अंक 318

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## सुविचार

पहचान से मिला काम कम
समय के लिए ही चलता है
लेकिन काम से मिली पहचान
जिन्दगी भर रहती है।

# स्मार्ट चौम्प प्ले स्कूल में मटकी फोड़ व कान्हा राधा रूप सज्जा प्रतियोगिता का आयोजन

## रूप सज्जा में क्रिषु , सिया सलोनी व मटकी फोड़ में लक्ष्मण ने मारी बाजी, हुए पुरस्कृत

**अपेम लाइवः बरही**
**सोनु पंडित**


कान्हा राधा रूप सज्जा प्रतियोगिता में शामिल बंच्चे

बरही तिलैया रोड स्थित स्मार्ट चौंप प्ले स्कूल में जन्माष्टमी का पवित्र त्यौहार बड़े ही धूमधाम से मनाया गया । जन्मष्ट मी के अवसर पर कई तरह के प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बच्चों ने कान्हा और राधा का वेश धारण कर विद्यालय में वृंदावन का वातावरण बनाने में महती भूमिका निभाई । बतौर मुख्य अतिथि जिला परिषद बरही पश्चिमी भाग 4 की प्रीति कुमारी और महिला मोर्चा की मीडिया प्रभारी रिंकी श्रीवास्तव ने बच्चों की कला को खूब सराहा। मौके पर काफी संख्या में बच्चे कान्हा और राधा का वेशभूषा में पहुंच कर कान्हा और राधा का अभिनय किया। कान्हा राधा रूप सज्जा प्रतियोगिता में छोटे-छोटे बच्चों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुति देकर सबका मन मोह लिया। रूप सज्जा प्रतियोगिता में बेहतर अभिनय करने वाले बच्चों को मुख्य अतिथि प्रीति कुमारी ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया । इसके साथ साथ मौके पर कई खेल प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। कान्हा रूप सज्जा प्रतियोगिता में मुख्य रूप से बेहतर प्रदर्शन करने वाले बच्चों में क्रिसू सिंह, श्रेष्ठ सिंह, अंशु कुमार ,मयंक नक्ष्य, आदित्य ओम एवं अभिराज गुप्ता ने बेहतर प्रदर्शन किया । वही राधा रूप सज्जा प्रतियोगिता में सिया सलोनी, आकृति, बंसल, मिशिका, अर्पिता, रोशनी, नव्या, अंशु कुमारी, सिद्धि कुमारी, अर्चना, आराध्या और समृद्धि ने बेहतर प्रदर्शन किया ।मैथ रेस में रिया गुप्ता, च०कलेट रेस में लड्डू और मटकी फोड़ प्रतियोगिता में लक्ष्मण कुमार ने बाजी मारी। खेल प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले सभी बच्चों एवं बच्चीयों को मुख्य अतिथि के द्वारा पुरस्कृत किया गया। मौके पर कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षिका सुजाता कुमारी, पारुल कुमारी, पूजा केसरी, जूही कुमारी, श्रद्धा केशरी, संजीव गुप्ता, उषा गुप्ता, पिंकी देवी, आलिया खातून, सोनिया देवी आदि ने काफी सहयोग किया।

# बरही में बारिश होते ही धान की खेती में जुटे किसान, चेहरे पर आई मुस्कान

**अपेम लाइवः बरही**
**सोनु पंडित**



बरही में बीते दिनों से शुक्रवार को अच्छी बारिश हुई है। बरही के कम बारिश होने के कारण परेशान किसानों के चेहरे पर हल्की मुस्कान दिखाई दे रही है। यह बारिश किसानो के लिए राहत की बारिश हुई है। इसी क्रम में बरही प्रखंड अंतर्गत रानीचुवा पंचायत के जीतपुर एवं कुटुंबा सहित प्रखंड के अन्य किसान धान की रोपाई की उम्मीद छोड़ चुके किसान अब खेत में रोपाई कर रहे है। बरही में सही समय पर बारिश नही होने के कारण इस बार किसान धान की बुवाई की उम्मीद छोड़ चुके थे। हालांकि किसान यह उम्मीद जता रहे थे की अगर 15 अगस्त तक बारिश हुई तो धान की रोपाई कर देंगे। बरही में हुई शुक्रवार को जोरदार बारिश के बाद अब किसान धान। की रोपाई कर रहे है। यह भी कहा जा रहा है की अगर इसी तरह बारिश हुई तो बाकी बचे खेतों में भी 25 अगस्त तक धान की रोपाई कर देंगे। धान की रोपाई में जुटे किसानो ने बताया की देरी से धान की रोपाई करने पर बहुत अच्छी पैदावार तो नही होगी परंतु हमारी जो पूंजी लगी है उसकी भरपाई हो जायेगी।

# कोलहुआकला मुखिया मंगलदेव यादव ने 100 केवी ट्रांसफार्मर का किया उद्घाटन, ग्रामीणों में खुशी

**अपेम लाइवः बरही**
**सोनु पंडित**



बरही प्रखंड अन्तर्गत कोलहुवाकला पंचायत के मुखिया मंगलदेव यादव ने शुक्रवार को कोल्हुआकला में 100 केवी ट्रांसफार्मर का उद्घाटन नारियल तोड़कर एवं फीता काटकर किया। प्राप्त जानकी के अनुसार वार्ड संख्या 10 का ट्रांसफार्मर मंगलवार को खराब हो गया था। जिससे पूरा गांव में अंधेरा छा गया था। जहां स्थानीय मुखिया मंगलदेव यादव के अथक प्रयास से मात्र 36 घंटे में विभाग से दूसरा ट्रांसफार्मर दिलाया। जिससे पुनः बिजली बहाल हुई, जिसको लेकर ग्रामीणों में खुशी का माहौल है। साथ ही ग्रामीणों ने मुखिया मंगलदेव यादव का आभार प्रकट किया है। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि रवि यादव, समाजसेवी मिथलेश ठाकुर, अजय शर्मा, सकलदेव शर्मा, अर्जुन यादव, अरविंद कुमार यादव, धर्मेंद्र, रामेश्वर पंडित, मनोज यादव,सचिन कुमार, अशोक राणा, बालगोविंद ठाकुर, मुंशी, धनेश्वर, सुरेंद्र, संदीप, ओमप्रकाश, सोनू, कुलदीप, नरेश सहित दर्जनों अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

# विधवा महिला आवास के लिए अधिकारियों से लगाई गुहार

**अपेम लाइवः बरही**
**सोनु पंडित**



बरही प्रखंड अंतर्गत रानीचुवा पंचायत के जीतपुर निवासी ललिता देवी के पति स्व भीम जयसवाल का निधन 13 दिन पूर्व हो चुका है। प्राप्त जानकारी के अनुसार भीम जयसवाल बाहर में किसी स्टील फैक्ट्री में काम करके अपने परिवार का भरण पोषण करता था। जहां उनका अचानक तबियत बिगड़ी और उनका निधन हो गया। पीड़ित महिला ने बताया की अब उनके परिवार में कोई कमाने वाला नही है। जिससे अब घर चलाना दुभर हो गया है। साथ ही साथ उन्होंने बताया की घर में जगह जगह से पानी टपकता है और बारिश का पानी घर में घुस जाता है। जिससे काफी परेशानी होती है, उन्होंने अधिकारियों से अपील किया है की मेरा परिवार अब पूरी तरह से असहाय हो चुका है। जिसको लेकर उन्होंने आवास की मांग की है। वहीं प्रखंड विकास पदाधिकारी सी.आर. इंदवार ने पीड़ित महिला को हर संभव मदद दिलाने की बात कही है।

APEM LIVE

# देश भर में आज धूम धाम से मनाई जाएगी कृष्णा जन्माष्टमी : मनोहर यादव

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**


मनोहर यादव

बरही कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष मनोहर कुमार यादव ने कृष्णा जन्माष्टमी के अवसर पर कृष्ण के प्रति अपनी आस्था व्यक्त करते हुए कहा कि कृष्ण प्रेम के सागर के प्रतीक है। यही कारण है कि वे प्रेम की चौहदी धर्म, जाति की दीवार को तोड़ते हुए पूजे जाते हैं, भारतीय साहित्य में कृष्ण पर हिंदू रचनाकारों की तरह मुस्लिम रचनाकारों ने लिखा है, कृष्ण के प्रेम में सैयद इब्राहिम , रसखान, अमीर खुसरो,, नजीर अकबरबादी ने भी कृष्ण की लीलाओं एवं रचनाओं को अपने अपने तरीके से लिखे हैं, इस्क०न जैसी संस्थायो को देखें तो दुनिया भर में कृष्ण प्रेम के करुणा निधान के तौर पर विख्यात हैं, कृष्ण सुरदास के काव्य का नायक तो है,, कृष्ण की प्रेम की अद्भुत छटा जिसने हर कोई अपने अस्तित्व को भूल कर डूब जाना चाहता हैं, कृष्ण द्वारकाधीश से ज्यादा गोकुल के ग्वाल के रूप में जनमानस के दिल में छवि धारण करते हैं, उनकी लीलाओं पर उनकी गाय चराने, मित्रों के साथ खेलते हुए, जसोदा मां को परेशान करता बालक, माखन चोर की छवि, सबके दिल में बस सी गई हैं, कृष्ण गीता में एक महान न्यायविद के रूप में देखते हैं, तो द्रौपदी चीर हरण प्रसंग में महान भाई के रूप में अवतरित होकर द्रोपदी की लाज बचा लेते हैं, कण कण में कृष्ण हैं, हम सबके बीच कृष्ण है, हम कृष्णा के ही अंश है, कृष्ण, मुरलीधर, नंद गोपाल यसोदा के लाल दुनिया में प्रेम व सद्भाव स्थापित करें यही प्रार्थना है।

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## टैक्सी स्टैंड बना तालाब कई दुकानों में घुस रहा है पानी दुकानदार परेशान

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**




बड़कागांव टैक्सी स्टैंड से जीडीएम चौक गुरु चट्टी तक जिला परिषद के लगभग 24 लाख लागत राशि मद से हाल ही में पीसीसी पथ, नाली एवं पुलिया का निर्माण कराया गया। जिसका शिलान्यास विधायक अंबा प्रसाद एवं तत्कालीन जिला परिषद अध्यक्ष सुशीला देवी ने बड़े ही तामझाम से किया था।साथ ही राम जानकी मंदिर के गेट से टैक्सी स्टैंड तक एक नाली का भी निर्माण कराया गया। लोगों में खुशी थी कि चलो इस जर्जर रोड का कायाकल्प होगा।लेकिन लोगों की खुशी चंद दिन में ही काफूर हो गई। पीसीसी पथ लेबल से ढलाई नहीं होने के कारण बीच रोड में ही बरसात का पानी जमाव हो जा रहा है। नाली से पानी की निकासी नहीं हो पा रही है। जिसके कारण ग्रामीणों को आवागमन में तथा दुकानदारों को घोर परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इतना ही नहीं रोड पर भारी पानी का जमाव हो जाने के कारण दुकानों में सड़क का गंदा पानी घुस रहा है । इस दौरान दुकानदारों को काफी फजीहत का सामना करना पड़ रहा है। मामले को लेकर आजसू पार्टी के प्रखंड प्रवक्ता तपेश्वर कुमार तापस ने कहा कि योजना निर्माण के शुरुआती दौर में ही रोड और नाली निर्माण के समय सही तरीके से निर्माण नहीं होने को लेकर कई बार ग्रामीणों के द्वारा विरोध करने पर भी विभागीय इंजीनियर एवं संवेदक द्वारा कोई सुनवाई नहीं किया गया।और अपनी मनमर्जी तरीके से पीसीसी पथ और नाली एवं पुलिया का निर्माण जैसे तैसे करा दिया गया। जिसके कारण ग्रामीणों को आवागमन एवं दुकानदारों को घोर परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

## फंदे पर झूलकर युवक ने की खुदकुशी

**अपेम लाइवः विष्णुगढ**
**मिथलेश गोल्डी**




विष्णुगढ़ थाना

विष्णुगढ़ में फंदे पर झूलकर युवक ने आत्महत्या कर ली। मामला गुरुवार रात को थाना क्षेत्र के सारूकुदर गांव की है। बताया जाता है कि युवक हीरामन सिंह (26) पिता स्व. चेतलाल सिंह नशे का आदी था। गुरुवार की रात को भी वह नशे का सेवन करके घर आया था। घर आने के बाद रसोई में बने खाने को लेकर वह परिवार वालों के साथ झंझट करने लगा। इसी कहासुनी के बीच गुस्से में किसी दूसरे कमरे में जाकर वह गमछे के सहारे चुपचाप फांसी लगाकर झूल गया। कुछ देर के बाद परिजन उसे खोजने दूसरे कमरे में गए तो युवक फंदे पर झूलता हुआ मिला। युवक की शादी दो माह पूर्व ही हुई थी। घर में सिर्फ पत्नी और बूढ़ी मां है। सूचना पर पंचायत मुखिया उत्तम महतो मृतक के घर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। शुक्रवार सुबह पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए हजारीबाग सदर अस्पताल भेज दिया।

## वन विभाग की बड़ी कारवाई , पोड़ा कोयला लदा पिकअप वैन जप्त

**अपेम लाइव : चौपारण**
**किशोर राणा**




चौपारण :प्रखंड के सिंघरावा में वन विभाग के द्वारा बड़ी कार्रवाई की गई। इस संबंध में वनरक्षी पंकज कुमार ने बताया कि उच्च अधिकारियों के गुप्त सूचना के आधार पर सिंघरावा में पोड़ा कोयला लदा एक पिकवैन को जप्त किया गया है।पिकअप में लगभग डेढ़ से दो टन पोड़ा कोयला अवैध रूप से लादकर बिहार के तरफ ले जाया जा रहा था। वहीं इस कार्य में संलिप्त कोयला व्यवसाई अशोक यादव पिता मुखलाल यादव ग्राम बागी, थाना ,फतेपुर ,जिला गया, बिहार पर मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। जिसको राहुल कुमार , और वन रक्षक पंकज कुमार, सिकंदर नायक, अजीत कुमार गझू, झादित सिंह इनलोगों रात में गाड़ी पकड़ने में अहम भूमिका निभा निभाए । सूत्रों से पता चला कि गाड़ी का लोकेशन चरही मांडू से ही फॉरेस्ट विभाग को दिया गया था। बतादें कि चौपारण प्रखण्ड में भी धङल्ले से कोयला के अवैध कारोबारी अपना पैर पसार रहें है। नियमित चेकिंग नही होने से अवैध कोयला बारी बेरोक टोक माल धड़ल्ले से सप्लाई कर रहे हैं। छापेमारी में वनपाल राहुल कुमार , वन रक्षी पंकज कुमार , अजित कुमार गंझू, सिकन्दर नायक, झादित सहित अन्य लोग शामिल थे।

## भगवान कृष्ण ज्ञान, शक्ति , पराक्रम और कर्म के प्रतीक हैं : प्राचार्य ए के सिंह

### डीएवी पब्लिक स्कूल बरही में जन्माष्टमी के शुभ अवसर पर विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



राधा कृष्ण बने डीएवी स्कूल के बच्चे

डीएवी पब्लिक स्कूल बरही के छात्र-छात्राओं के बीच जन्माष्टमी के शुभ अवसर पर विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कक्षा एलकेजी से द्वितीय वर्ग में बच्चों के द्वारा राधा कृष्ण की छवि को रोल प्ले के द्वारा प्रस्तुत किया गया। जिसके अंतर्गत छात्र छात्राओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम का आयोजन को सीसीए इंचार्ज ममता सिंह के द्वारा किया गया। पूरे कार्यक्रम की देखरेख कुमारी पूनम ज्योति और निर्णायक की भूमिका में अनुराधा कुमारी और निशा कुमारी थी। विद्यालय के प्राचार्य अशोक कुमार सिंह ने कहा कि भारत की सभ्यता और संस्कृति प्राचीन काल से ही विश्व को सदैव दिशा दिखाने वाली रही है। इसी कड़ी में यह जन्माष्टमी का पर्व भगवान श्री कृष्ण के जन्मोत्सव के रूप में मनाया जाता है ।भगवान कृष्ण का पूरा जीवन हमें सही राह दिखाता है। उनका बाल रूप ममत्व प्रेम के साथ नटखट पन और युवा रूप सही गलत का फैसला करते हुए पूरे समाज को सही दिशा दिखाता है । इनके द्वारा दिया गया गीता का ज्ञान अर्जुन को ही नहीं पूरे विश्व को कर्म का महत्व बतलाता है। मौके पर सभी शिक्षक एवं बच्चे मौजद रहे।

## लाइसेंसी आरा मिल सहित दो आरा मिल से वन विभाग ने किया लकड़ी जब्त, दो पर प्रथमिकी

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



छापेमारी में शामिल प्रशिक्षु डीएफओ सहित अन्य वनकर्मी

बरही में एक लाइसेंसी आरा मिल सहित दो आरा मिल पर वन विभाग ने छापेमारी कर काफी मात्रा में लकड़ी जब्त की है। उक्त कार्रवाई गुप्त सूचना एवं शिकायत के आधार पर हजारीबाग पश्चिमी वन प्रमंडल के प्रशिक्षु वन प्रमंडल पदाधिकारी डीएफओ शैलेंद्र सिंह, एसीएफ गोरख राम एवम बरही के आर एफ ओ कमलेश सिंह के नेतृत्व में संयुक्त रूप से की गई। इस बड़ी कार्रवाई में बरही के अलावा चौपारण वन विभाग की टीम भी शामिल रही। बरही चौक के समीपवर्ती गया रोड में संचालित राणा शॉ मिल के नाम से निबंधित लाइसेंसी आरा मिल पर छापामारी किया गया। जहां भारी मात्रा में अवैध लकड़िया बरामद की गई।मौके पर मौजूद वन विभाग के पदाधिकारियों ने बताया कि बरही गया रोड में संचालित राणा शॉ मिल लाइसेंसी है, किंतु इस आरा मिल के खिलाफ शिकायतें मिल रही थी कि इसके अगल बगल यहां पर भारी मात्रा में अवैध लकड़ी का जमावड़ा है। शिकायत के आलोक में की गई छापेमारी में यहां भारी मात्रा में विभिन्न प्रजाति की अवैध लकड़ियां बोटों के रूप बरामद की गई हैं। छापेमारी में विभिन्न प्रजाति साल, गमहार, सागवान, जामुन, सखुवा आदि कि भारी मात्रा में अवैध लकड़ियों की बोंटा छापामारी के दौरान बरामद कर जब्त की गई। जांच के दौरान लकड़ियों के स्टॉक में अनियमितता भी पाई गई हैं ।बरामद किए गए लकड़ियों का कागजात मिल मालिक से मांगा जा रहा है फिलहाल लकड़ियों की गिनती की जा रही है। छापेमारी के दौरान बरामद किए गए लकड़ियों में जीतू राणा एवं संजय राणा नामक दो व्यक्तियों पर प्राथमिकी दर्ज की गई है । उक्त जानकारी बरही के आरएफओ कमलेश सिंह के द्वारा दी गई है । छापेमारी में वन विभाग के प्रभारी वनपाल आनंद कुमार सिंह, अमर आनंद सरस्वती, दीपक यादव ,भूपेंद्र कुमार ,चौपारण रेंज के पंकज कुमार, राहुल कुमार ,अजीत कुमार मांझी, सिकंदर नायक आदि कर्मी शामिल थे।

## लापता युवक को लेकर परिजनों ने बरही थाना में दिया आवेदन

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही थाना अंतर्गत केदारूत पंचायत के खैरोन निवासी प्रद्युमन सिंह उम्र 44 वर्ष पिता सिब्बल सिंह ने अपने भतीजा आशीर्वाद सिंह उम्र 18 वर्ष के गुमसुदगी को लेकर शुक्रवार को बरही थाना में आवेदन दिया है। उन्होंने बरही थाना में आवेदन देते हुए कहा की गुरुवार को मेरा भतीजा 11 बजे कॉलेज जाने के लिए घर से निकला । शाम तक वापस नही लौटने पर हमारे परिवार वाले खोजबीन करना शुरू कर दिए। उसी रात लगभग 8 : 30 बजे एक अज्ञात नंबर 6200582125 से मेरे घर के मोबाइल पर फोन आया जिसमें मेरा भतीजा बात कर रहा था। बात करते हुए उसने बोला की मैं बाहर आ गया हूं मेरे पास पैसा नहीं है मेरे अकाउंट में 1000 डाल दीजिए। उसके बाद फोन काट दिया, दोबारा जब उस नंबर पर कॉल किया तो कोई दूसरा व्यक्ति फोन रिसीव किया और बोला की जो लड़का अभी बात कर रहा था वह यहां से चला गया है। मुझसे जरूरी बात करने के लिए फोन मांगा था मैं सासाराम बिहार का रहने वाला हूं। उसी रात लगभग 10 बजे एक और अज्ञात नंबर 9953237710 से कॉल आया उसमे भी मेरा भतीजा बात कर रहा था। बोला की पैसा डाल दीजिए मेरे पास पैसा नहीं है, हम सभी ने अपने भतीजा आशीर्वाद सिंह के अकाउंट में एक हजार डलवा दिए। उसके बाद अभी तक कोई संपर्क नहीं हो पाया है, अभी तक मेरा भतीजा अपने खाता से पैसा का निकासी भी नही किया है। साथ ही उन्होंने बरही प्रशासन से एफआईआर दर्ज कर उचित कार्रवाई करने की मांग की है।

APEM LIVE

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## समाजसेवी स्व रूपलाल महतो की तृतीय पुण्यतिथि मनाई गई

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनिल कुमार**



बरकट्ठा प्रखंड के सलैया मुखिया सह मुखिया संघ अध्यक्ष इंद्रदेव प्रसाद के पिता स्व रूपलाल महतो की तृतीय पुण्यतिथि मनाई गई सर्वप्रथम स्व महतो के तीनों पुत्रों मुखिया इंद्रदेव प्रसाद, रीतलाल प्रसाद व बबलू ने पूजन विधि के उपरांत समाजसेवी स्व रूपलाल महतो की छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दिया। मौके पर पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव ने स्व रूपलाल महतो की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए स्व रूपलाल महतो की यादों को लोगो के बीच रखा उन्होंने कहा की स्व महतो सामाजिक क्षेत्र में बरकट्ठा प्रखण्ड ही नही बल्कि विधानसभा क्षेत्र में उनकी पकड़ थी उनकी बुद्धि व सामाजिक सोच के हम सभी कायल है उन्होंने विकलांगता के बावजूद कभी भी अपने सोच के ऊपर विकलांगता हावी नही होने दिए वे जीवनपर्यंत सामाजिक कार्यो के प्रति व दबे कुचलो की आवाज बने रहे मौके पर प्रखण्ड प्रमुख रेणु देवी, हरिहर चौधरी, उमेंश चौधरी मधुसूदन प्रसाद, सुनील चौधरी, दिलीप कु दास, रीतलाल चौधरी, मुंशी ठाकुर, सहदेव प्रसाद, संजय गुप्ता, सूरज मोदी, अरुण मोदी, अरुण अकेला,पूर्व मुखिया राजकुमार नायक, प्रयाग महतो, सौरभ कुमार, विकास कुमार, राजकुमार प्रसाद, मनोज प्रसाद, पन्नू चौधरी,केदार महतो महेश मंडल, दीपू प्रसाद, परमेश्वर पंडित, चेतलाल पंडित, सुदामा पंडित, जिबलाल पंडित, रामचन्द्र राणा, सरजू रविदास, पुजारी मनोज पांडेय समेत बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने स्व रूपलाल महतो को श्रद्धांजलि दी ।

## डिवाइन पब्लिक स्कूल में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की धूम

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनिल कुमार**



बरकट्ठा प्रखंड गंगपाचो स्थित +2 मान्यता प्राप्त डिवाइन पब्लिक स्कूल परिसर में जन्माष्टमी के पावन अवसर पर मटका फोड़ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नन्हें मुन्ने बच्चों के द्वारा राधा कृष्ण का रूप बनाकर सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ निदेशक आई. पी. भारती, प्राचार्य भानु प्रताप सिंह तथा अन्य शिक्षिकाओं द्वारा बालरूप श्री कृष्ण की पूजा अर्चना के साथ किया गया।निदेशक ने कहा कि श्रीकृष्ण के जीवन से समरसता और मातृ प्रेम की सीख लेनी चाहिए।प्रधानाचार्य ने कहा कि श्रीकृष्ण के समान ही हमें कठिन परिस्थितिओ में भी अपना धैर्य नहीं खोना चाहिए। कार्यक्रम में बच्चों द्वारा श्रीकृष्ण के जीवन पर आधारित नृत्य भी किया गया। नृत्य नाटिका बड़ा नटखट है मेरा गोपालष्सभी का मन मोह लिया। श्रीकृष्ण राधा रानी के रूप में श्रेया राज, रमय रंजन, कृतिका कुमारी ने जीवंत झांकी प्रस्तुत किए।नृत्य में स्वेच्छा राय, रोनित कुमार, कृष्णा पंडित, सिद्धार्थ पंडित आदि का नृत्य सराहनीय रहा। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षिका प्रीति प्रभा कुमारी, काशीनाथ महतो, पुनम कुमारी, संजय कुमार यादव, मनोहर सिंह, कुलदीप पासवान, सुलेखा मोदी, सोनाली कुमारी , रामनन्दन कुमार, मानती लकड़ा, अलीस्बा टुडू, राधा कुमारी अंजू मरांडी का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## यदुवंशियों ने धूमधाम से मनाया भगवान श्री कृष्ण का जन्मोत्सव

**अपेम लाइवः चौपारण**
**किशेर राणा**



चौपारण : प्रखण्ड के नावाडीह में स्तिथ यादव भवन में यदुकुल शिरोमणि यदुवंशियों के कुल देवता भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव को यदुवंशियो ने धूमधाम से मनाया । इस उत्सव के अध्यक्षता समाज के अध्यक्ष गिरधारी यादव व संचालन रामसेवक यादव ने किया। इस दौरान मटका फोड़ने का कार्यक्रम में आयोजित हुआ। मौके पर जीप सदस्य रवि शंकर अकेला ने भगवान श्री कृष्ण की महिमा का गुणगान किया। मौके पर मुख्य रूप से उपस्थित ज़िला उपाध्यक्ष किसुन यादव,जिप सदस्य भाग-2 रवि शंकर यादव,विधायक प्रतिनधि विनोद यादव, कांग्रेस वरिष्ठ नेता नंदकिशोर यादव ,प्रखंड अध्यक्ष विकास यादव ,राजदेव यादव,मीडिया प्रभारी मनोज यादव, समाजसेवी भुनेश्वर यादव,प्रतिनिधि मंटू यादव,जानकी यादव,सुरेंद्र यादव,गोपाल यादव,मनोहर यादव,कृष्णा यादव,जगदीश यादव,यमुना यादव,दिनेश यादव, बैजू यादव,उदय यादव,सतानंद यादव,इंदीवर यादव,नागेश्वर यादव, दिलचंद यादव, घनश्याम यादव,नवल यादव, सकलदेव यादव, शामलाल यादव,हंस यादव, देवेंद्र यादव इत्यादि सैकड़ो यदुवंशी उपस्थित हुए।

APEM
LIVE

## विष्णुगढ़ में बिजली की लचर आपूर्ति के खिलाफ आंदोलन की रणनीति तय

### 5 सितंबर को मशाल जुलूस तथा 6 को प्रतिवाद मार्च व धरना

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**
**मिथलेश गोल्डी**



विष्णुगढ़ में बिजली समस्या को लेकर आंदोलन की रणनीति तय करते लोग

वष्णुगढ़ में बिजली की आपूर्ति काफी बदतर है। इस बदतर व्यवस्था से आक्रोशित ग्रामीणों ने विभाग के खिलाफ आंदोलन की रणनीति तैयार करने को लेकर शुक्रवार को विष्णुगढ़ प्लस टू उच्च विद्यालय परिसर में बैठक की। बैठक का आयोजन विष्णुगढ़ संघर्ष समिति के बैनर तले किया गया। अध्यक्षता संयोजक राजू श्रीवास्तव व संचालन कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अब्बास अंसारी ने किया। बैठक में बिजली उपभोक्ताओं के अलावा विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता व कार्यकर्ता शामिल हुए। सभी ने प्रखंड में बदहाल बिजली को लेकर हो रही समस्या एवं समाधान पर अपने विचार रखे। सबों ने एकस्वर में बिजली विभाग के खिलाफ आंदोलन करने का प्रस्ताव पारित किया। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आंदोलन के प्रथम चरण के तहत आगामी 5 सितंबर को ह०स्पीटल चौक से सातमील मोड़ तक भव्य मशाल जुलूस निकाला जाएगा। जुलूस के उपरांत विद्युत विभाग का सांकेतिक पुतला दहन किया जाएगा। इसके अगले दिन छह सितंबर को विष्णुगढ़ बाजार क्षेत्र में बिजली विभाग के खिलाफ प्रतिवाद मार्च निकालने की रणनीति तय की गई। प्रतिवाद मार्च प्रखंड मुख्यालय पहुंचकर धरना सभा में परिणत हो जाएगी। धरना के माध्यम से क्षेत्र में न्यूनतम 20 घंटे बिजली आपूर्ति करने, जर्जर बिजली पोल एवं तारों को दुरुस्त करने, बिजली बिल की गड़बड़ी में सुधार लाने, विभाग से बिचौलियों को हटाने, बना. सो प्रशाखा के विद्युत कनीय अभियंता को स्थानांतरित करने तथा बंदखारो व हेठली बोदरा में नवनिर्मित विद्युत सबस्टेशन को चालू करने की मांग की जाएगी। विभाग को चेतावनी देकर तय हुआ कि अगर इसके बाद भी बिजली आपूर्ति में अपेक्षित सुधार नहीं हुआ तो आगे उग्र आंदोलन किया जाएगा। जिसकी सारी जवाबदेही विद्युत विभाग की होगी। मौके पर राजू श्रीवास्तव, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अब्बास अंसारी, दशरथ राय, सुनील अकेला, दिलेर आजाद, यूसूफ अंसारी, निजाम सिद्दीकी, अरविंद लाहकार, नरेश रवानी, रामलाल सोरेन, गौतम वर्मा, सुरेश हांसदा, नकुल प्रसाद लहेरी समेत कई लोग मौजूद थे।

## विष्णुगढ़ में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर मंदिरों में उमड़े श्रद्धालु

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**
**मिथलेश गोल्डी**



विष्णुगढ़ के बंशीधर मंदिर में पूजा अर्चना के लिए पहुंचे श्रद्धालु

विष्णुगढ़ और इसके आसपास के इलाकों में शुक्रवार को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का त्योहार धूमधाम से मनाया गया। इसके लिए सभी राधा कृष्ण मंदिरों में विशेष रूप से साज-सज्जा की गई थी। शाम होते ही मंदिरों में पूजा अर्चना के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने लगी। पूजा व्रत के लिए महिला श्रद्धालु सुबह से ही उपवास पर थी। विष्णुगढ़ के महंत अखाड़ा चौक स्थित बंशीधर मंदिर, बाजारटांड़ स्थित राम-कृष्ण मंदिर, हेठली बोदरा में राधा-कृष्ण मंदिर, मड़मो का राधा कृष्णा मंदिर समेत अन्य मंदिरों में पूजा अर्चना के लिए श्रद्धालुओं की अधिक भीड़ रही। बाजारटांड़ स्थित राम मंदिर परिसर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर भक्ति जागरण का आयोजन किया गया। जागरण में कई बाल कलाकारों ने राधा कृष्णा का रूप धारण कर रासलीला का प्रदर्शन किया। इसके अलावा कलाकारों ने कई भक्ति गीतों को भी प्रस्तुत किया। रात भर लोग जागरण कार्यक्रम का आनंद उठाते रहे।

## झारखण्ड राज्य आजीविका कैडर संघ कर्मियों ने मांगों को लेकर किया प्रदर्शन

**अपेम लाइव : कोडरमा**
**धीरज कुमार**

कोडरमा-झारखण्ड राज्य आजीविका कैडर संघ के बैनर तले शनिवार को आजीविका कैडरों ने अपनी पांच सूत्री मांगों के समर्थन में रैली निकालकर बाजार भ्रमण किया और समाहरणालय पहुंचकर धरना-प्रदर्शन किया। धरना प्रदर्शन में शामिल आजीविका कैडरों ने कहा कि झारखंड में संचालित जेएसएलपीएस महिला सशक्तिकरण और ग्रामीण क्षेत्र के सूरत बदलने में अग्रणी भूमिका का निर्वहन कर रही है। राज्य और केंद्र सरकार द्वारा दी गई जिम्मेवारी का निर्वहन आजीविका कैडर द्वारा ससमय किया जा रहा है। बावजूद उनके हक और हुकूक को आलाधिकारियों द्वारा नजरअंदाज किया जाता है। आजीविका के सदस्यों द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं को संगठित कर उन्हे प्रशिक्षण देकर सामाजिक, आर्थिक, राजनैतिक, स्वास्थ्य, स्वच. छता, साक्षरता आदि रूप से सशक्त बनाने का कार्य लगातार किया जा रहा है,साथ ही केंद्र सरकार तथा राज्य सरकार द्वारा दिए गए सभी प्रकार के कार्यों को ससमय सफल बनाने में आजीविका कैडर ने बढ़ चढ़कर योगदान दिया है। संघ के प्रतिनिधियों ने कहा कि झारखंड राज्य के ग्रामीण विकास विभाग मंत्री श्री आलमगीर आलम ने सदन में विधानसभा सत्र के दौरान आजीविका कर्मियों के कार्यो का सराहना देते हुए जल्द ही मानदेय बढ़ोतरी को लेकर आश्वासन भी दिया गया था। बावजूद कर्मियों के प्रति सरकार की उदासीनता के कारण आजीविका कर्मी अपने अधिकार के लिए दर-दर ठोकर खाने के लिए विवश हैं प्रतिनिधियों ने कहा कि जेएसएलपीएस के द्वारा निर्गत पत्र के पत्रांक-JSLPS 1978 दिनांक-17-08-2022 के आलोक में कलस्टर स्तर पर गठित संकुल संघ को कमाई होने पर अच्छे कार्य कर रहे पीआरपी को 1000 रुपया तथा बीएपी को 1500 रुपया अतिरिक्त राशि भुगतान करने का निर्देश दिया गया है इस पत्र का विरोध करते हुए संघ के सदस्यों ने कहा कि हम सभी पीआरपी/ बिएपी के पॉलिसी के आधार पर प०लिसी की सभी सुविधाओं से वंचित रखा गया है 2020 से पूर्व में जैसे हमारा मानदेय व्यक्तिगत खाते पर आता था परंतु अभी नहीं आता है,सुरक्षा बीमा का लाभ नहीं मिलता है,जीवन बीमा का लाभ नहीं मिलता है, महंगाई भत्ता पिछले 8 वर्षो से नहीं मिली हैं, सरकारी अवकाश पर छुट्टी नहीं मिलती है, समय पर मानदेय नहीं मिलता है, उपरोक्त मांगों पर 20 अगस्त तक राज्य कार्यालय द्वारा कोई ठोस निर्णय नहीं ली जाने की स्थिति में समस्त पीआरपी/बिएपी 22 अगस्त से अनिश्चितकालीन हड़ताल करने पर बाध्य होंगे इसका जिम्मेदार स्वयं जेएसएलपीएस तथा ग्रामीण विकास विभाग झारखंड सरकार होंगे